वर्ष-16, अंक-47
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
जिंदगी में सबसे बड़ा धनवान वो इंसान होता है, जो दूसरों को अपनी मुस्कुराहट देकर उनका दिल जीत लेता है।

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, शुक्रवार, 23 मई 2025

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

### पटना के होटल में युवती से रेप

# कोल्ड ड्रिंक में नशा पिलाकर सहकर्मी ने की दरिंदगी

पटना, बिहार की राजधानी पटना में एक युवती के साथ होटल में रेप का शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जक्कनपुर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ उसके सहकर्मी ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बलात्काकर किया। आरोपी ने उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहा था। इसे लेकर पीड़िता ने पुलिस थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने गुरुवार को छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया गया।



बताया जा रहा है कि पीड़ित खगौल स्थित एक कार्यालय में काम करती थी। उसमें पटना सिटी का रहने वाला युवक भी साथ में काम करता था। दो महीने पहले उसने युवती को मीठापुर स्थित एक होटल में बुलाया। फिर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। फिर आरोपी ने युवती के साथ होटल में रेप किया और उसका वीडियो भी बना लिया।

आरोपी उस वीडियो के आधार पर लगातार युवती को ब्लैकमेल कर रहा था। इससे परेशान होकर पीड़िता ने बुधवार को उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जक्कनपुर थानेदार रितुराज सिंह ने बताया कि युवती के आवेदन पर केस दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

**दीघा के होटल से नशे में धुत मिली लड़की, दुष्कर्म की आशंका**

एक अन्य मामले में गुरुवार को पुलिस को पटना के दीघा थाना क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे से नशे में धुत किशोरी को बरामद किया। उसके साथ दुष्कर्म किए जाने की आशंका है। हालांकि, इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि वह बीते दो दिनों से अपने घर से लापता थी। एक लड़के पर उसे भगाने का आरोप है। वह किसके साथ होटल में आई, उसे किस तरह का नशा दिया गया और उसके साथ क्या हुआ, इसकी जांच पुलिस कर रही है।

### पटना से जमालपुर के लिए रवाना हुए रेल मंत्री

# कारखाना निरिक्षण के अलावा कई अहम परियोजनाओं की देंगे सौगात

पटना, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के तहत आज जमालपुर रेल इंजन कारखाना का निरीक्षण करने पटना से प्रस्थान कर चुके हैं। पटना जंक्शन से इंस्पेक्शन कार के जरिए वे जमालपुर के लिए रवाना हुए, उनके साथ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

उनके इस दौरे को बिहार में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि रेल मंत्री बिहार को रेलवे से जुड़ी कई नई परियोजनाओं की सौगात देने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, जमालपुर रेल इंजन कारखाना को आधुनिक बनाने की योजना है।



रेल मंत्री आज करीब 79 करोड़ रुपये की लागत से वैगन पीओएच सुविधा का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना से प्रत्येक महीने 545 से 800 वैगनों की मरम्मत संभव हो सकेगी।

इसके अलावा, कारखाने को एलएचबी कोच और वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपे जाने की भी संभावना है। रेल मंत्री कारखाने के विभिन्न शॉप्स का निरीक्षण करेंगे और कर्मचारियों से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना करेंगे। रेल मंत्री का यह दौरा बिहार के रेलवे विकास के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। उनके दौरे में नई ट्रेनों की शुरुआत, अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और अन्य रेल परियोजनाओं को गति देने की घोषणाएं संभावित हैं।

बता दें कि, बिहार में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हाल ही में 70,672 करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया गया है, जो नए रेल मार्गों, गेज परिवर्तन और स्टेशन उन्नयन के लिए उपयोग होगा। ये परियोजनाएं न केवल यातायात को सुगम बनाएंगी, बल्कि रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में भी योगदान देंगी।

# बिहार में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## 33 *DSP* का ट्रांसफर

### 18 ट्रेनी *DSP* को मिली पोस्टिंग

पटना, बिहार बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेर-बदल किए गए हैं. 33 डीएसपी का ट्रांसफर किया गया है. वहीं, 28 ट्रेनी डीएसपी को भी पोस्टिंग मिली है. गृह विभाग की आरक्षी शाखा की ओर से इस संबंध में अगल-अगल अधिसूचना जारी की गई है. पटना में रेल डीएसपी के पद पर रहे प्रशांत कुमार को पटना का ट्रैफिक डीएसपी की जिम्मेदारी मिली है. पुलिस मुख्यालय में रहे कमलाकांत प्रसाद को एससीआरबी एवं आधुनिकीकरण पटना का सीनियर डीएसपी बनाया गया है. ट्रेनी डीएसपी विकास केशव ईओयू पटना में डीएसपी बने हैं. उधर मुजफ्फरपुर से सुधीर कुमार को अररिया डीएसपी, प्रेमसागर को वैशाली का ट्रैफिक एएसपी, गोपालगंज के अभय कुमार रंजन को मुजफ्फरपुर डीएसपी, पटना ट्रैफिक डीएसपी अमित कुमार को पटना एसटीएफ का डीएसपी, शाहाबाद के पंकज कुमार को एसटीएफ पटना, औरंगाबाद सदर के अमित कुमार को बेनीपट्टी मधुबनी का एसडीपीओ बनाय गया है. सीवान के चंदन कुमार को औरंगाबाद सदर का एसडीपीओ, ईओयू पटना के संजय कुमार वर्मा को एसवीयू पटना का डीएसपी, बेनीपट्टी के निशिकांत भारती को मुजफ्फरपुर का डीएसपी, दरभंगा के संतोष



कुमार को चकिया मोतिहारी का एसडीपीओ बनाया गया है.

वैशाली ट्रैफिक डीएसपी ओमप्रकाश सिंह को मद्य निषेध अपराध अनुसंधान विभाग पटना का डीएसपी, वैशाली के राजू कुमार सिंह को एचक्यूआरटी पुलिस मुख्यालय पटना में डीएसपी, बिविसपु-14 पटना के डीएसपी मिथिलेश कुमार सिंह को गया का डीएसपी बनाया गया है. गया के मनोज कुमार को बिविसपु-14 पटना का डीएसपी, साइबर क्राइम भोजपुर के अबू सैफी मुर्तजा को एसटीएफ पटना, एसटीएफ पटना के विजय कुमार चौरसिया को केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती पटना, एसटीएफ के सुबोध कुमार-1 को केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती, पुलिस मुख्यालय के दीपक कुमार यादव को सीटीएस नाथनगर, पुलिस मुख्यालय के मदन प्रसाद को मुजफ्फरपुर बिविसपु-6, मधेपुरा के संजीव शेखर झा को पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण कार्यालय भेजा गया है. सीटीएस नाथनगर के रानी कुमार को पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण कार्यालय, बेगूसराय के रमेश प्रसाद सिंह को विशेष शाखा, बिहार पुलिस अकादमी राजगीर के सुरेश प्रसाद को ईओयू पटना, सीआईडी के अलय वत्स को एसवीयू पटना, सीआईडी के अशोक कुमार झा को एसवीयू पटना, सहरसा के संजय कुमार सिन्हा को विशेष शाखा, अररिया के शंभूनाथ को विशेष शाखा पटना, बोधगया के रमेश कुमार मिश्रा को मद्य निषेध अपराध अनुसंधान विभाग पटना, एटीएस पटना की गौरी कुमारी को एसडीपीओ सदर सीवान और डुमरांव के राजेश कुमार को गोपालगंज सदर का एसडीपीओ बनाया गया है.

# दोपहर से गायब 17 साल का बालक शाम को मकई के खेत में मिला संदिग्ध हालत में,हुई मौत

**अररिया** । फारबिसगंज थाना क्षेत्र के खमकौल पोटरी वार्ड संख्या दो के रहने वाले सिकंदर मंडल के 17 साल के पुत्र मंटू कुमार गुरुवार दोपहर बारह बजे से घर से गायब था।शाम को मकई के खेत में वह संदिग्ध अवस्था में मिला।गंभीर हालत में परिजन ने उसे इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां ऑन ड्यूटी स्टाफ ने नाजुक स्थिति देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।परिजन आनन फानन में मंटू को लेकर नेपाल के एक निजी अस्पताल पहुंचा,जहां इलाज के क्रम में



देर रात ग्यारह बजे के आसपास उनकी मौत हो गई। नेपाल के निजी अस्पताल से शव को लेकर परिजन फारबिसगंज थाना पहुंचे,जहां उनलोगों ने मंटू की गला दबाकर हत्या की आशंका जाहिर की।सूचना के बाद फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा,थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह थाना परिसर में रखे शव का अवलोकन किया और पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया।परिजन ने पुलिस को गला दबाकर मंटू की हत्या किए जाने की बात कही।

मौके पर मौजूद फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने मामले को संदिग्ध करार देते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद खुलकर कुछ कह पाने की बात कही।उन्होंने कहा कि पुलिस घटना स्थल की भी जांच करेगी।मामले में वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान का सहारा लिया जाएगा।उन्होंने शीघ्र ही आरोपितों के शिनाख्त कर गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया।

## पाकिस्तान पर बिहार सरकार के मंत्री का बड़ा बयान

### कहा- एक दिन पीओके हमारा होगा

बिहार सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सह हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार किया है। संतोष कुमार सुमन ने कहा कि हर भारतीय के दिल मे एक ही सपना है कि पीओके हमारा हो। हमारे प्रधानमंत्री हो, गृहमंत्री हो, रक्षा मंत्री हो सब ने एक सुर से बोला है पीओके हमारा होगा। संतोष कुमार सुमन ने कहा कि पीओके को लेकर रहेंगे, पीओके हमारा है और हमारा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि हमने साफ तौर पर कह दिया है कि हम सिर्फ बात करेंगे मिलिटेंट पर, बात करेंगे पीओके पर। पाकिस्तान से किसी तरह का कोई अन्य बात नही करेंगे। एक भी आतंकी गतिविधि होती हैं तो एक्ट ऑफ वार माना जाएगा तो हम समझते हैं कि हमने कड़ा संदेश दिया है और जिस तरह से पाकिस्तान में गृह युद्ध छिड़ हुआ है, चाहे वह बलुचिस्तान का मामला हो या सिंध का मामला हो तो हम समझते हैं कि पाकिस्तान अपने आप मे जो बोया था उसको अब काटने का समय आ गया है वो अपने आप तीन चार टुकड़ो में बंट जाएगा। संतोष कुमार सुमन ने फिर कहा कि कि पीओके निश्चित तौर पर हमारा होगा।

# प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यभार संभाला जानिए सबकुछ

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और नीति चिंतक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने गुरुवार को नालंदा विश्वविद्यालय के नए कुलपति के रूप में औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। यह विश्वविद्यालय प्राचीन नालंदा महाविहार की गौरवशाली परंपरा को आधुनिक संदर्भों में पुनर्जीवित करने का एक अंतरराष्ट्रीय प्रयास है। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर अंतरिम कुलपति प्रो. अभय के. सिंह और फैकल्टी के साथ साथ पीएचडी के छात्रों ने प्रो. चतुर्वेदी का हार्दिक किया और उन्हें इस नई भूमिका हेतु शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रो. चतुर्वेदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के ध्येय वाक्य अनो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः का उल्लेख करते हुए कहा, यह वाक्य हमें हमारे शाश्वत मूल्यों से जोड़ता




है। नालंदा ने सदैव एक मुक्त और समावेशी बौद्धिक परंपरा का प्रतिनिधित्व किया है, जो वैश्विक दृष्टिकोण और भारतीय विद्वत्ता की समृद्ध विरासत के साथ एक जीवंत संवाद को बढ़ावा देता है।

**प्रो. चतुर्वेदी को जानिए**

प्रो. चतुर्वेदी वर्तमान में रिस, दिल्ली स्थित एक थिंक-टैंक के महानिदेशक का दायित्व भी निभा रहे हैं। वे डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स, दक्षिण-दक्षिण सहयोग एवं नीति निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने 22 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं, हृद्गस्ज्ञ व स्नद्बष्ठ जैसे मंचों की स्थापना की है और वैश्विक मंचों पर भारतीय दृष्टिकोण को प्रतिष्ठा दिलाई है। प्रो. चतुर्वेदी भारतीय रिजर्व बैंक के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक भी हैं।

**विश्वविद्यालय की हालिया प्रगति की सराहना की**

उन्होंने विश्वविद्यालय की हालिया प्रगति की सराहना करते हुए कहा, पिछले वर्षों में नालंदा ने एक विशिष्ट शैक्षणिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यहां का उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और प्रतिष्ठित शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए बहुआयामी बौद्धिक विकास के अवसर उपलब्ध हैं।

**प्रधानमंत्री की हाल की नालंदा यात्रा का उल्लेख किया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की नालंदा यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री की यह यात्रा विश्वविद्यालय की भावी दिशा को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली रही। यह इस बात का प्रमाण है कि नालंदा की विरासत आज भी विशेष रूप से एशियाई संदर्भ में प्रेरणास्रोत बनी हुई है। प्रो. चतुर्वेदी ने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति में अपनी आस्था प्रकट करते हुए कहा, अर्थशास्त्र, अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं नीति निर्माण के क्षेत्रों में मेरे अनुभवों के आधार पर मैं शिक्षा को परिवर्तन का माध्यम मानता हूं। नालंदा में हमारा प्रयास भारतीय ज्ञान परंपरा को इस दिशा में प्रभावशाली व समाजोपयोगी बनाना है।

**दायित्व को गर्व और सौभाग्य की अनुभूति बताया**

अपने नए दायित्व को गर्व और सौभाग्य की अनुभूति बताते हुए उन्होंने कहा, नालंदा के पुनरुत्थान और विकास में योगदान देना मेरे लिए अत्यंत सम्मान की बात है। मैं सभी के साथ मिलकर कार्य करने के लिए उत्सुक हूं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे सामूहिक प्रयासों से नालंदा वैश्विक विमर्शों का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरेगा।